STUDENT OF OUR COLLEGE WAS SELECTED IN NATIONAL INTEGRATION CAMP(16-22 DEC. 2021)ORGANIZED IN PURULIA(W.B.)

Mr. EKLAVYA SAHU

राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे एकलव्य कुमार साहू

राजनांदगांव(हर समय आपके साथ)। भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डोंगरगांव महाविद्यालय के होनहार छात्र एकलव्य का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर पश्चिम बंगाल के लिए चयन हुआ है। का राष्ट्रीय एकता शिविर16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक पुरूलिया पश्चिम बंगाल में आयोजित किया गया है, जिसमे विभिन्न राज्यों के चयनित स्वयं सेवक शामिल होंगे। उक्त शिविर में शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एकलव्य कुमार साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिन्धित्व करेंगे। और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा, वेश भूषा, रहन सहन का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे। उनकी इस उपलब्धि के लिए शासकीय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बी.एन.मेश्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर ठाकुर सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने एकलव्य साहू को शुभकामनाएं संप्रेषित किया।

एकलव्य कुमार साहू ने पश्चिम बंगाल में लहराया छत्तीसगढ़ का परचम

मंच में गूँजने लगे छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के नारे

रिपोर्ट-हरदीप छाबड़ा

राजनांदगांव(अमर स्तंभ)। पुरुलिया(पश्चिम बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे एकलव्य कुमार साहू ने अपने काव्य पाठ,मंच संचालन और सांस्कृतिक कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ का परचम लहराया है। एकलव्य कुमार ने राष्ट्र भाषा हिंदी में मंच संचालन करते हुए पूरे देश का दिल जीत लिया। डॉ. विनय कुमार (रीजनल डायरेक्टर कोलकाता) जी एकलव्य कुमार के गतिविधियों से अत्यंत प्रभावित हुए और वे मंच में आकर तारीफों के पुल बांधे और पूरे देश के वॅलिंटियर्स को एक साथ ठहाहा ताली से एकलव्य कुमार को सम्मान दिलवाया इस समय पूरा सदन छत्तीसगढ़ के रंग में रंग गया काफी देर तक छत्तीसगढ़िया सब ले बढ़िया

के नारों से गुंजायमान हो गया। यह पल छत्तीसगढ़ एवम छत्तीसगढ़ एनएसएस के लिए अत्यंत गौरव का पल रहा जब 15 राज्यों से आए वॉलिंटियर्स के मुख से छत्तीसगढ़ का जयकारा सुनाई दे रहा था।

16 से 22 दिसंबर तक पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय एकता कैम्प में छत्तीसगढ़ टीम ने16 दिसंबर को सुवा नृत्य से सब का मन मोह लिया और17 तारीख को छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में छत्तीसगढ़ का राजगीत प्रस्तुत किया 17 दिसंबर को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासी दास जी के जयंती के अवसर पर पंथी नृत्य किया जिससे पूरा सदन छत्तीसगढ़ के रंग गया।